

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लाँग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक121 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी बुधवार 17 जनवरी 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4



पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....


## अबैध शराब विक्रय के विरोध में सड़क पर आयी महिलाएँ

### हमारे गाँव में शराब बिकना बंद करा दो साहब, महिलाओं ने जिला कले टर से लगायी गुहार



सिवनी यशोः- सिवनी जिला मु यालय से 7 किलोमीटर की दूरी पर स्थित लखनवाड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम कारीरात में अबैध शराब के विरोध में ग्राम की महिलाएँ सड़क पर आकर गांव में बिक रही अबैध शराब का जमकर विरोध कर रही है । हालाँकि यह इनके द्वारा पहली बार विरोध प्रदर्शन नहीं है इसके पूर्व भी महिलाओं ने गाँव में अबैध शराब बिक्री के विरोध में जमकर प्रदर्शन किया था और गाँव में अबैध शराब बेचने वालों के ठिकानों से घुस शराब निकालकर पुलिस को सौंपी थी जबकि पुलिस तलाशी ले रही थी तो शराब नहीं मिली थी परंतु पुलिस के सामने ही महिलाओं ने अबैध रूप से शराब बेचने वालों के ठिकानों से शराब निकालकर बड़ी मात्रा में सौंपी थी उस समय भी ग्राम की महिलाओं ने खुला आरोप लगाया था कि पुलिस स्वयं शराब बेचने वालों को बचाने के लिये जुटी रहती है और पुलिस के संरक्षण में ही शराब गांव में बिक रही है महिलाओं ने उस समय स्पष्ट रूप से कहा था कि पुलिस तलाशी कर रही है और कह रही है कि यहाँ शराब नहीं है और जब ग्रामीण महिलाओं ने उसी स्थान से शराब निकालकर दी तो भी पुलिस ने कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की ।

ग्रामीण महिलाओं के साथ ही ग्राम पंचायत की सरपंच एवं अन्य ग्रामीण जनों के सैकड़ो हस्ताक्षर युक्त आवेदन के माध्यम से मंगलवार को ग्रामीण महिलाओं ने अबैध शराब विक्रय के विरोध में प्रदर्शन किया और मांग की है कि अबैध शराब का विक्रय गांव में पूरी तरह से रोका जाये अन्यथा किसी दिन कोई अनहोनी हो सकती है । महिलाओं ने जिला कले टर, पुलिस अधीक्षक, एवं जिला आबकारी अधिकारी को संबोधित करते हुये ग्राम पंचायत के लेटर पैड पर आवेदन दिया है । जिसमें उल्लेख किया गया है कि ग्राम कारीरात में अबैध शराब का निरंतर धन्धा हो रहे है जिससे गाँव का वातावरण बिगड़ रहा है और गाँव में तनाव का माहौल बना रहता है आये दिन शराबियों को लेकर तू तू मैं मै होते रहती है । अबैध शराब की बिक्री से गांव शराबी गाली गलौच करते है । आवेदन में महिलाओं ने लिखा है कि अबैध शराब गांव में भेजकर बिकवाने वाला ठेकेदार अबैध शराब बिक्री का विरोध करने वाली महिलाओ के साथ गाली गलौच करता है और शराब बिक्री नहीं रूकेगी कहता है । महिलाओं ने आरोप लगाया है कि शराब बेचने वाला ठेकेदार पुलिस को अबैध शराब गाँव में बिकवाने के एवज में मोटी रकम देता है और पुलिस इसी प्रलोभन अबैध शराब बेचने वालो का संरक्षण करती है ।

ग्रामीण महिलाओं ने कहा है कि जब तक अबैध शराब की बिक्री गांव में रूकेगी नहीं तब तक सभी महिलाएँ विरोध करते रहेगी और आवश्यकता पड़ी तो रोड पर चक्काजाम भी किया जायेगा ।

महिलाओं ने मंगलवार 16 जनवरी को विरोध प्रदर्शन करते हुये जिला कले टर एवं पुलिस अधीक्षक से मांग की है कि गाँव में हो रही अवैध शराब बिक्री पर तत्काल रोक लगायी जाये एवं अबैध शराब विक्री करने वालो पर कठोर कार्यवाही करते हुये जो पुलिस वाले इन्हें संरक्षण दे रहे है उपर पर भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाये ।



## भाजपा जिलाध्यक्ष एवं सिवनी विधायक के साथ कार्यकर्त्ताओं ने मंदिरों की सफाई

सिवनी यशोः- राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 22 जनवरी के तहत 14 जनवरी से प्रतिदिन भाजपा का देव स्थान सफाई अभियान प्रतिदिन जारी है । इस अभियान के तहत मंगलवार 16 जनवरी को भाजपा नगर मंडल उत्तर मंडल के मंदिरों में सिवनी भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे, विधायक दिनेश राय मुनमुन पूर्व जिला अध्यक्ष सुजीत जैन, मंडल अध्यक्ष संजय सोनी ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं के साथ सिवनी नगर के हनुमान मंदिर जिला चिकित्सालय के सामने, मरहाई माता मंदिर, सिंहवाहिनी मंदिर एवं गायत्री मंदिर मे सफाई कार्य एवं कीर्तन किया किया।

यहाँ बता दें कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान श्रीराम के नवनिर्मित भव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करने वाले है । भारतीय जनता पार्टी इस अवसर को पूरे देश में भर में देव स्थानों की सफाई कर देव स्थानों को स्वच्छ और सुंदर बनाने कर 22 जनवरी को आम जनता के साथ भव्यता के साथ उत्सव मनाने का कार्यक्रम निर्धारित कर चुकी है और इसी कार्यक्रम के तहत 22 जनवरी के पूर्व देव स्थानों की सफाई का कार्यक्रम चलाया जा रहा है भाजपा सहित अन्य सनातनी संगठन 22 जनवरी को पूरे उत्साह के साथ दीपावली मनाने की तैयारी कर रहे है । अनेक सनातनी संगठन नगर में साज सज्जा के कार्य भी कर रहे है ।

### 26 जनवरी को रहेगा शुष्क दिवस

सिवनी यशोः- कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी सिवनी श्री क्षितिज सिंघल ने 26 जनवरी 2024 गणतंत्र दिवस के अवसर पर सिवनी जिले में एक दिवस का शुष्क दिवस घोषित किया है।





भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्त्ता
जितेन्द्र जित्तू यादव
की बेटिया



कु. एकता यादव
को जन्म दिन की अनंत
शुभकामनाएँ


### जबरन नॉलेज




## वीरबाला बिन्दु कुमरे के शहीद दिवस पर बरघाट में मनाया गया ''नगर गौरव दिवस''



बरघाट यशोः- विगत वर्षानुसार इस वर्ष भी बरघाट की माटी में जन्मीा महारकौशल क्षेत्र की वीर बालिका बिन्दु' कुमरे के बलिदान दिवस पर नगर परिषद बरघाट द्वारा '' नगर गौरव दिवस'' का आयोजन बडे ही धूम-धाम से किया गया , जिसमें नगर के समस्त् शासकीय एवं अशासकीय शालाओं के छात्र/छात्राएं, समस्त जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठी एवं गण्मारन्या नागरिकगण उपस्थित होकर अपने आप को गौरवांवित महसूस किया । 16 जनवरी बरघाट क्षेत्र के समस्त नागरिकों के लिए स मान और गौरव का दिन है इसी दिन वीरबाला बिन्दु कुमरे जो केन्द्रीय सुरक्षा बल में आरक्षक के पद पर 88 वीं वाहिनी के केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल में पदस्थ रहते हुए ज मू-कश्मीर एयरपोर्ट 16 जनवरी 2001 को जैश-ए-मोह मद के आतंकवादियों से अपने अद य साहस, वीरता, बहादुरी एवं कुशल योग्यता से मुठ-भेड करते हुए देश के लिए अपने प्राणों की आहूती देकर शहीद हो गई थी। यह कार्यक्रम 02 वर्षों से नगर परिषद बरघाट में आयोजित किया जा रहा है ।



उक्त कार्यक्रम अन्तबर्गत निकाय के विद्यालयों के द्वारा प्रभात रैली निकाली गई जो उत्कृष्ट विद्यालय बरघाट से प्रारंभ होकर बिन्दुर कुमरे चौक (कान्हीजवाडा चौक) में वीरबाला बिन्दु कुमरे को श्रद्धांजली अर्पित करते हुए मंचीय कार्यक्रम हेतु कार्यालय नगर परिषद बरघाट के सामने सभामंच में एकत्रित हुए । शहीद बिन्दु कुमरे चौक एवं कार्यक्रम स्थल पर आमंत्रित समस्त जनप्रतिनिधियो, गणमान्यन नागरिकों द्वारा भी श्रद्वा सुमन अर्पित कर अपने आप को गौरवांवित महसूस किया । आयोजित कार्यक्रम में रंगारंग प्रस्तुती के साथ रंगोली प्रतियोगिता भी आयोजित की गई ।

उपरोक्ति कार्यक्रम में शहीद बिन्दु कुमरे की माता श्रीमती गिंदिया बाई कुमरे, नवनिर्वाचित विधायक कमल मर्सकोले, प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा वैभव पंवार, जिला कले टर क्षितिज सिंघल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह, नगर परिषद अध्यकक्ष श्रीमती इमरता साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती ममता अनिल पाठक, सभापति अभिलाष गोलू मालवी, सभापति ज्ञानसिंह चौधरी, सभापति हेमंत राहंगडाले, सभापति श्रीमती निधि ऋषभ जायसवाल, सभापति असंत उइके, पार्षद जितेन्द्र सिंगारे, पार्षद श्रीमती साक्षी ढालसिंह बिसेन, श्यागमसिंह कुमरे, रामेश्वपर कुमरे , शरद कुमरे, हरकचंद टेमरे, सासंद प्रतिनिधि अनिल पाठक, विवेक बिसेन, नरेश सिंह राजपूत, मु य नगर पालिका अधिकारी वेदप्रकाश पुरी गोस्वा्मी सहित नगर परिषद के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित हुए ।

### 22 जनवरी को रहेगा शुष्क दिवस

सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के निर्देशानुसार 22 जनवरी 2024 को अयोध्या उत्तरप्रदेश में श्रीराम मंदिर में श्री रामलला मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इस अवसर पर स पूर्ण प्रदेश में विभिन्न स्थानों, धार्मिक स्थलों पर विविध धार्मिक कार्यक्रम, प्रभातफेरी आदि कार्यक्रम आयोजित होना है।

इसी परिपेक्ष्य में कले टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल ने जिले में लोकशांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा-24 (1) एवं मध्यप्रदेश राजपत्र (असाधारण) कमांक 62 दिनांक 22.02.2023 की कण्डिका कमांक-37(1) में प्रावधानित अनुसार दिनांक 22 जनवरी 2024 को सिवनी जिले में शराब, भांग एवं अन्य मादक पदार्थो की बिक्री पर प्रतिबंध लगाते हुए शुष्क दिवस घोषित किया है। उक्त शुष्क दिवस में सिवनी जिले की समस्त क पोजिट मदिरा दुकाने, भांग दुकान एवं एफ.एल-3/एफ.एल-3 ए से मदिरा का ऋय-विक्रय एवं देशी/विदेशी मदिरा भाण्डागारों से मदिरा प्रदाय/परिवहन पूर्णतः निषिद्ध रहेगा।

## ज्योति चौहान को डॉ टरेट की उपाधि प्राप्त



बरघाट यशोः - सिवनी जिला के बरघाट तहसील के छोटे से गांव साल्हे (कोसमी) में जन्मी ज्योति चौहान को बचपन से ही कुछ नया करने की जुनून के चलते भूगोल विषय के अंतर्गत ÷मध्यप्रदेश में जैविक कृषि का अध्ययन सिवनी जिला के विशेष संदर्भ में÷ शोध विषय पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से डॉ टरेट की उपाधि प्राप्त हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ज्योति चौहान को यह पी एच डी उपाधि प्राप्त करने में निर्देशक डॉ टर राजीव कौशल का सतत् मार्गदर्शन और प्रोत्साहन मिला है। भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ टर लोकेश श्रीवास्तव से नित नया सीखने की जिज्ञासा, निर्देशन, मार्गदर्शन और आशीष प्राप्त हुआ है। साथ ही पिता श्री राजेंद्र चौहान, माता श्रीमती येसुला चौहान और परिवार का संभल, सहारा और आशीर्वाद रहा वहीं पति श्री संजय पटले का हमेशा साथ, सहयोग, उत्साहसंवर्धन रहा है। ज्ञात हो कि ज्योति चौहान का पढ़ाई-लिखाई,भाषण और वाद-विवाद में शुरू से ही रूझान रहा है। ज्ञात हो कि इन्होंने शासकीय महाविद्यालय बरघाट से एम ए की पढ़ाई की तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर से एम ए भूगोल में स्वर्ण पदक प्राप्त की है। इस स्वर्णिम उपलब्धि पर सभी स्नेहीजन और शुभचिंतकों ने बधाई प्रेषित कर, उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दिया है।

## आर.से.टी. केन्द्र सिवनी में किया गया विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

सिवनी यशोः- माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री राजेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के कुशल मार्गदर्शन में श्री विकास शर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में दिनांक 16/01/2024 को सेन्ट. आर.से.टी. बींझावाड़ा, सिवनी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक साक्षरता शिविर में श्रीमती संगीता पी.बर्वे, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी सिवनी के द्वारा उपस्थित महिलाओं को पास्को ऐ ट, महिला अपराध एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

## बालरूप हनुमान मंदिर में पाटोत्सव एवं अयोध्या का प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम होंगे आयोजित

### भंडारा, संकीर्तन, दीपोत्सव, आतिशबाजी जैसे विभिन्न आयोजन होंगे



सिवनी यशोः- भक्ति, आस्था और श्रद्धा के केंद्र बाल रूप हनुमान मंदिर के भक्तों के लिए यह वर्ष दोहरी खुशियां लेकर आया है। जहां एक और 21 जनवरी को मंदिर का 18वां पाटोत्स्व एवं 77वां दंड दीक्षा सन्यास दिवस समारोह का आयोजन होगा । वहीं 22 जनवरी को स्वयं श्री हनुमान जी के प्रभु श्री राम का अयोध्या में भव्य, दिव्य और अलौकिक मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम होगा। इस पुण्य और सौभाग्यशाली अवसर को चिरस्मरणीय एवं जीवन की सबसे बड़ी मनोकामना पूर्ण होने के रूप में संजोने के लिए भी मंदिर समिति के सदस्य पूरे मनोयोग, उत्साह और उमंग के साथ आतुर हैं। इस हेतु मंदिर समिति द्वारा व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई है अतः 20 जनवरी से ही समूचा मंदिर प्रांगण विद्युत साज साज से अलंकृत हो जाएगा।

मंदिर समिति द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के लिए ऐतिहासिक इस अवसर पर आगामी 21 एवं 22 जनवरी को विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम रखे गए हैं जिसके अंतर्गत परंपरा अनुसार पोष शु ल एकादशी अर्थात 21 जनवरी को मंदिर का 18वां पाटोत्सव तथा गौलोक गामी जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज का 77 व दंड दीक्षा सन्यास दिवस पर मंदिर के गर्भ ग्रह में प्रातः 6ः00 बजे अभिषेक होगा। तत्पश्चात यहां विराजित सिंदूरवदन भगवान श्री गणेश, बाल रूप श्री हनुमान, भगवान काल भैरव, शिवलिंग के रूप में स्थापित भगवान श्री भोलेनाथ एवं मंशापूर्ण पंचमुखी हनुमान जी का चोला श्रृंगार किया जाकर आरती होगी। जबकि दोपहर 12ः00 बजे हवन पूजन एवं इसके पश्चात कन्याभोज व कन्यापूजन किया जाएगा इसके साथ ही महाप्रसाद का वितरण भी होगा एवं संध्या 7ः00 बजे आरती के पश्चात रात्रि 8ः00 बजे से पादुका का पूजन कार्यक्रम रखा गया है जिसमें मातृ धाम के प्रबंधक आचार्य धर्मवीर पंडित अजीत शास्त्री की विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

मंदिर समिति द्वारा बताया गया की 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्री राम के प्राण प्रतिष्ठ कार्यक्रम के अवसर पर मंदिर में प्रातः 11ः00 बजे से राम संकीर्तन प्रारंभ होगा भक्तों की सुविधा के लिए मंदिर समिति द्वारा अयोध्या के कार्यक्रम के चलित प्रसारण हेतु एक बड़े टीवी स्क्रीन की व्यवस्था की गई है ताकि भक्तजन इस अलौकिक क्षणों को संकीर्तन करते हुए देख सकेंगे एवं अयोध्या में आयोजित आरती के साथ ही यहां मंदिर में भी भक्तगण आरती करेंगे।कार्यक्रम की श्रृंखला में एक और गौरवशाली पल यह है कि सिवनी विधायक श्री दिनेश राय मुनमुन द्वारा बालरुप हनुमान मंदिर के लिए एक विशाल द्वार के निर्माण का भूमि पूजन प्रातः 11ः30 बजे किया जायेगा यह द्वारा शुक्रवारी स्थित जैन स्तंभ के सामने महावीर टॉकीज रोड में होगा।

मंदिर समिति द्वारा अयोध्या कार्यक्रम की आरती के पश्चात मंदिर से एक शोभा यात्रा शुक्रवारी स्थित राम मंदिर मे भगवान श्री राम को भोग अर्पित करने हेतु गाजे बाजे के साथ पहुंचेंगी। यहां से वापस लौट कर मंदिर में भंडारा प्रसाद वितरण किया जाएगा। इसी श्रखंला मे मंदिर समिति द्वारा एक विशाल दीपोत्सव कार्यक्रम रखा गया है जो संध्या 6ः30 बजे से प्रारंभ हो जाएगा एवं मंदिर की आरती के पश्चात समिति द्वारा अलौकिक, आकर्षक, आकाशीय आतिशबाजी की जाएगी एवं अयोध्या में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठ के चिरप्रतीक्षित गौरवशाली अवसर के लिए लोगों को शुभकामनाएं एवं बधाइयां दी जाएगीं।

## कले टर सिंघल ने औचक निरीक्षण कर देखी सफाई व्यवस्था

### सीएमओ एवं स्वच्छता प्रभारी को दिये आवश्यक दिशा निर्देश



सिवनी यशोः- प्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिले में सभी मंदिरों, धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई को लेकर विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार 16 जनवरी को कले टर श्री क्षितिज सिंघल ने प्रातः काल सिवनी नगरीय क्षेत्र के शुक्रवारी बाजार ,नेहरू मार्ग, बस स्टेंड सहित अन्य क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर नगर की साफ सफाई व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित मु य नगर पालिका अधिकारी सिवनी एवं स्वच्छता प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

# चुनौतियों का सामना करने वाली राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत युवा पीढ़ी के निर्माण का संकल्प लें - अवनीश भटनागर

**विद्याभारती के प्रांतीय समिति समागम 'संकल्प दृष्टि 2024' का शुभारंभ**





भोपाल। विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांतीय समिति समागम 'संकल्प दृष्टि 2024' का शुभारंभ शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर, शारदा विहार में हुआ। उद्घाटन सत्र के मु य वक्ता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री श्री अवनीश भटनागर थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह संगठन मंत्री श्री यतीन्द्र शर्मा, विशिष्ट अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के सह संगठन मंत्री श्री श्रीराम जी आरावकर, विशेष अतिथि विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री श्री निखिलेश महेश्वरी एवं प्रांत अध्यक्ष श्री मोहन लाल गुप्ता थे। समारोह की अध्यक्षता विद्या भारती मध्यक्षेत्र के अध्यक्ष श्री सुरेश गुप्ता ने की। तीन दिवसीय इस समागम में पूरे प्रांत की विद्यायलय संचालित करने वाली 180 समितियों के 1500 से अधिक दायित्ववान कार्यकर्ता स मिलित हुए हैं। समिति समागम का समापन आज रविवार को होगा।
कार्यक्रम के मु य वक्ता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के महामंत्री श्री अवनीश भटनागर ने अपने प्रभावी उद्बोधन में कहा कि हम एक नए युग में प्रवेश कर रहे हैं। समाज में शिक्षा को लेकर विद्याभारती के अपने लक्ष्य हैं। शिक्षित, सुसंस्कारित, राष्ट्रीय विचारों से ओतप्रोत पीढ़ी के निर्माण का हमारा जो संकल्प है, उसे लेकर हमारी दृष्टि स्पष्ट होनी चाहिए। यह अपने वैचारिक अधिष्ठान के शाश्वत मूल्यों पर चलने के संकल्प लेने का समय है। हमने समाज परिवर्तन का आधार शिक्षा को माना है। इसके लिए शिक्षा को माध्यम बनाया है। अपने लिए विचार करने का विषय यह है कि ` या हमारे लक्ष्य के अनुरूप नई पीढ़ी को तैयार किया जा रहा है? वंचित वर्ग को सुसंस्कृत और संपन्न बनाने की कोई योजना के साथ हमें कार्य करना चाहिए। विद्यालयों में भैया-बहिनों का शैक्षणिक, मानसि?क एवं शारीरिक विकास हो इसकी चिंता एवं इस दिशा में कार्य आवश्यक है। आज समाज की आवश्यकताएं कुछ अलग हो गई हैं। अब विद्यालय अति सुविधाजनक हो गए हैं पर विद्यालयों में या संस्कार दिए जा रहे हैं जबकि साधन से अधिक संस्कार आवश्यक हैं। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का प्रबोधन भी आवश्यक है।
श्री भटनागर ने कहा कि हम अपने लक्ष्य के अनुरूप वर्तमान सामाजिक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना करने वाली राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत युवा पीढ़ी का निर्माण करने का संकल्प लें। हम किसी भी काल और परिस्थिति के संक्रमण में नये भविष्य की रचना करेंगे। आज की नई परिस्थितियों में भौतिक संसाधन की उपलब्धता बहुत आवश्यक है किन्तु साधनों का उपयोग करने के लिए अच्छे साधक और शिक्षाविदों की आवश्यकता है। प्रथम सरस्वती शिशु मंदिर की स्थापना के 75 वर्ष 2027 में पूरे होने जा रहे हैं। हम संकल्प लेकर व्यवस्थाएं जुटाने का लक्ष्य लें। हमारे विद्यालयों में क प्यूटर लैब, प्रयोगशालाएं, डिजीटल कक्षाएं, पुस्तकालय आदि विकसित हों। विद्यालयों में कौशल विकास, स्किल डवलपमेंट की व्यवस्था उन्नत रूप में करें। हमारे विद्यालय के परीक्षा परिणाम अन्य विद्यालय से अच्छे हो। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थी चयनित होकर उच्च स्थान प्राप्त करें ऐसे विषयों पर समिति चर्चा करे, समीक्षा करें और योजना बनाएं।
उन्होंनें कहा कि हमारी शिशु वाटिका (प्री प्राइमरी) प्रभावी बनाने के लिए विद्या भारती के 12 आयामों का प्रभावी क्रियान्वन हो। हमारे विद्यालय का समाज के सभी वर्ग मातृशक्ति, युवा, जनजातीय समाज से जुड़ाव हो, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दृष्टि से खासकर, ई.सी.सी.ई. जो कि फाउण्डेशन स्टेज है, इसके लिए संसाधन और प्रशिक्षित आचार्यो की आवश्यकता है।
कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए प्रादेशिक सचिव श्री शिरोमणि दुबे ने कहा कि यह 'संकल्प दृष्टि 2024' कार्यक्रम मध्यभारत प्रांत का तीन दिवसीय अनूठा समागम है। इसमें विद्या भारती मध्यभारत प्रांत के 180 विद्यालयों के समिति सदस्य एवं शिक्षाविद एवं प्राचार्य स मिलित होकर विभिन्न सत्रों के अलग-अलग विषयों पर एक नया संकल्प और दृष्टि लेकर जायेंगे।
मु य अतिथि विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान सह संगठन मंत्री यतीन्द्र शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम शिक्षा की दिशा बदलेंगे, समाज में परिवर्तन लायेंगे और एक नवीन वैचारिक क्रांति लायेंगे। इसी संकल्प के साथ विद्या भारती का प्रथम विद्यालय 1952 में गोरखपुर में प्रारंभ हुआ। प्रारंभिक समय के कार्यकर्ताओं के समर्पण और साधना के कारण आज हम यहां तक पहुंचे है। प्रारंभिक अवस्था में साधनविहीन व्यवस्थाओं में भी कार्यकर्ताओं ने प्रभावी ढंग से कार्य किया और आज मध्यक्षेत्र ही नहीं पूरे भारतवर्ष में विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में एक वैचारिक अनुष्ठान के साथ सफलतापूर्वक विद्यालयों का संचालन कर रही है। प्रारंभिक समय में साधन कम थे लेकिन साधना पूर्ण थी। आज भी ऐसी ही साधना की आवश्यकता हम सभी कार्यकर्ताओं को है। आज जनजातीय क्षेत्र वंचित बस्तियों सहित ग्रामीण नगरीय क्षेत्रों में मध्यभारत प्रांत का विद्या भारती का कार्य सबसे अधिक प्रभावी है। यह हमारी पूर्ण साधना के भाव से किये गये तप का प्रतिफल है। हमारे धैयनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने अनेक सामाजिक कुरीतियों और विषमताओं को दूर करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया है।
कार्यक्रम के आरंभ में अतिथि?यों का स्वागत श्री सुधीर दाते, श्री चंद्रहंस पाठक एवं श्री मुकेश राजपूत ने किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आशीष जोशी ने किया। व्यक्तिगत गीत श्री मधुर शर्मा ने प्रस्तुत किया। समारोह में विद्याभारती के क्षेत्र संगठन मंत्री श्री भालचन्द्र रावले, डॉ राजश्री वैद्य, श्री विवेक शेण्ड्ये, डॉ आनन्द राव, श्री अनिल अग्रवाल, श्री शशिकांत फडके, श्री निरंजन शर्मा भी उपस्थित थे।

**दो दिन में हो रहे हैं चर्चा एवं बौद्धिक सत्र**

तीन दिवसीय इस समिति समागम के अब इन दो दिनों में 8 सत्र हो रहे हैं। इनमें 2 बौद्धिक सत्र, 5 बौद्धिक सत्र और एक सांस्कृतिक संध्या में रंगमंचीय सत्र भी हो रहे हैं। बौद्धिक सत्रों में विद्याभारती के अखिल भारतीय अधिकारी एवं देश के प्र यात शिक्षाविद कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। कार्यक्रम स्थसल पर डिजीटल प्रदर्शनी लगाई गई है। पुस्तकों का स्टाल भी लगाया गया है।

**प्लास्टिक मुक्त है पूरा परिसर**

कार्यक्रम के लिए दो हजार लोगों की बैठक क्षमता वाला एक विशाल डोम पांडाल बनाया गया है। इसके साथ ही पांच और पांडाल बनाए गए हैं। सभी कार्यकर्ताओं को 6 समूहों में बांटा गया है। इनके लिए इन्हीं पांडाल में सत्र आयोजित हो रहे हैं। मंच, प्रदर्शनी एवं अन्यो सभी व्यवस्था ओं को प्लायस्टिक मुक्त रखा गया है।

**मंच पर श्री राम मंदिर की झांकी, दीवार पर रामलीला के दृश्य**

समारोह के मु य पांडाल नैमिषारण्य सभागृह के मंच के पार्श्व में अयोध्या के श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति बनाई गई है। इसमें प्लास्टिक का उपयोग नहीं किया गया है, इसके स्थान पर कागज और गत्ते का उपयोग किया गया है। वहीं विद्यालय की बाउंड्रीवॉल पर रामायण के दृश्य अंकित किए गए हैं। इसकी वॉल पेंटिंग शारदा विहार के विद्यार्थियों द्वारा की गई है।

**कार्यकर्ताओं में सभी श्रेणी के लोग**

विद्यालयों को संचालित करने वाली समितियों में सभी कार्य क्षेत्रों के कार्यकर्ता स मिलित होते हैं। इनमें डॉ टर, इंजीनियर, व्यवसायी शासकीय अधिकारी-कर्मचारी, मातृशक्ति, युवा, अभिभाषक, कलाकार, सीए आदि सभी श्रेणियों के कार्यकर्ता होते हैं। समि?ति के ये कार्यकर्ता इस समागम में स मिलित हुए हैं।

# पटवारी अपने हल्का में निवास करें, तहसीलदार जांच करें, राजस्व मंत्री ने कहा




भोपाल। राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेंस से के माध्यम से राजस्व विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि, सुनिश्चित किया जाए के पटवारी अपने हल्का क्षेत्र में रहें। सभी तहसीलदार अपने क्षेत्राधिकार में पटवारी की जांच करें और यदि कोई पटवारी सीमांकन में गड़बड़ी करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करें। इससे पहले मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने स्पष्ट कहा था कि सभी पटवारी अपने मु यालय वाले गांव में रहेंगे। कोई पटवारी शहर से गांव अप डाउन नहीं करेगा।

**सीमांकन, नामांकन और बंटवारा नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए**

राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा ने मंत्रालय के एनआईसी कक्ष से वर्चुअली राजस्व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और मैदानी अमले को राजस्व महाअभियान के सफल संचालन सुनिश्चित करने के लिये आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिये तय की गई समय-सीमा में प्रकरण निराकरण करना सुनिश्चित करें। नामांतरण प्रकरणों को 30 दिवस, आविवादित बंटवारा प्रकरणों को 45 दिवस में निराकृत करना सुनिश्चित करें। लंबित राजस्व प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित किया जाये। सीमांकन, नामांकन और बंटवारा आदि के प्रकरणों का तय समय-सीमा में निराकरण नहीं करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाये।

**सभी तहसीलदार अपने अधीनस्थ पटवारी की जांच करें**

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि सीमांकन का आवेदन प्राप्त होने पर संबंधित भूमि का सीमांकन करने की कार्यवाही तुरंत की जाये। सीमांकन के समय पड़ोसी किसान को सूचित किया जाये और उनकी उपस्थिति में सीमांकन की कार्यवाही पूर्ण हो। पटवारी द्वारा किये गये सीमांकन की जाँच तहसीलदार अपने स्तर से करायें और यदि सीमांकन में कोई त्रुटि हो, तो संबंधित पटवारी के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाये। उन्होंने कहा कि राजस्व विभाग आम नागरिकों की सेवा के लिये है। आम जनता से राजस्व विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को न्याय करने के साथ विनम्र व्यवहार करें।

**पीएम किसान योजना में छूटे हितग्राहियों को जोड़ा जाये**

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि महाअभियान के दौरान बी-1 का वाचन कर फौती नामांतरण अथवा अन्य कोई समस्या हो, उसका निराकरण किया जाये। पीएम किसान योजना में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों को जोड़ा जाये। खसरा एवं ने शा में एकरूपता लाने के लिये आवश्यक है कि खसरा अनुसार बटांकन का कार्य ने शा में पूरा किया जाये।

**राजस्व मंत्री ने कहा कि मैं खुद दौरे करूंगा, गड़बड़ी मिली तो कार्रवाई करूंगा**

राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिये। सभी अधिकारी जनता की सेवा करें और भ्रष्टाचारमुक्त कार्यवाही सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कले टर और कमिश्नर अपने क्षेत्र में भ्रमण करें और मैदानी अमले द्वारा महाअभियान में किये जा रहे कार्य की मॉनीटरिंग करें। मंत्री श्री वर्मा ने कहा कि वह स्वयं भी संभाग और जिलों का दौरा करेंगे और उनके भ्रमण के दौरान लापरवाही मिलने पर संबंधित अधिकारी-कर्मचारी के खिलाफ स त कार्यवाही की जायेगी।
प्रमुख सचिव राजस्व श्री निकुंज श्रीवास्तव ने राजस्व महाअभियान के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतिकरण दिया। उन्होंने बताया कि 15 जनवरी से शुरू हुआ राजस्व महाअभियान 29 फरवरी तक संचालित होगा। अभियान की समीक्षा में प्रमुख राजस्व आयुक्त श्री विवेक पोरवाल, सभी जिलों के कले टर, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रकी चेतना जगाने का केंद्र बनेगा राम मंदिर - मुकुल कानिटकर



भोपाल। राम मंदिर का निर्माण केवल उसकी भव्यता और दिव्यता के लिए नहीं जाना जाएगा बल्कि यह राष्ट्र की चेतना को जगाने वाले मंदिर के रूप में समूचे विश्व में पहचान बनाएगा। राष्ट्र की चेतना जो वर्षों पहले कहीं खो गई थी, उस चेतना के जागरण की शुरुआत प्रभु श्री राम के मंदिर के निर्माण के साथ हो चुकी है। यह विचार वनवासी कल्याण परिषद, महाराणा प्रताप नगर के सभागृह में युवा संवाद कार्यक्रम के दौरान भारतीय शिक्षण मंडल के पूर्व राष्ट्रीय संगठन मंत्री मुकुल कानिटकर ने व्यक्त किए। शनिवार शाम आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में मु य अतिथि के तौर पर डॉ. योगेश कुमार निवारिया, ए स हृदय चिकित्सा विभागाध्यक्ष शामिल हुए।
अपने उद्बोधन में मु य वक्ता मुकुल कानिटकर ने कहा कि राष्ट्र की चेतना के जागरण को पूरा विश्व देख रहा है। राम मंदिर का निर्माण केवल एक मंदिर का निर्माण नहीं है अपितु यह राष्ट्र के नव जागरण का निर्माण है। जब पूरे विश्व में कई देश आपस में युद्ध कर रहे हैं, आपसी संघर्ष से जूझ रहे हैं, जिसके कारण मानवता संकट में है लेकिन इसी समय में भारत मर्यादा के नए मापदंड स्थापित कर रहा है।
भारत का निर्माण ऋषिङ्कमुनियों ने कड़ी तपस्या से विश्व कल्याण के लिए किया था। उन्होंने कहा कि बाबरी निर्माण के बाद से भारत अपने कर्तव्य से विमुख हो गया, परंतु अब राम मंदिर के निर्माण से एक बार फिर चेतना का संचार होगा। वह आगे कहते हैं कि राम मंदिर का यह निर्माण केवल उस अयोध्या की भूमि पर नहीं हो रहा है बल्कि यह हर व्यक्ति के हृदय में राम मंदिर का निर्माण कर रहा है। उन्होंने युवाओं को रामायण के प्रसंग का उदाहरण देते हुए कहा कि 22 जनवरी को वह भी खुद के जामवंत बनकर अपने आप से ये प्रश्न पूछें कि मेरा ` या कर्तव्य है, मेरे जीवन को मैं किस तरह से राष्ट्र मंदिर के निर्माण में रामशिला की तरह लगा सकता हूं। कार्यक्रम में सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय युवा बड़ी सं या में उपस्थित रहे।

# योजनाओं का लाभ जिनका अधिकार है उन्हें भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है - प्रधानमंत्री मोदी

**प्रधानमंत्री श्री मोदी की पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत में मु यमंत्री डॉ. यादव उज्जैन से वर्चुअली हुए शामिल**

**प्रधानमंत्री ने शिवपुरी के ग्राम हातोद की हितग्राहियों से वर्चुअली की चर्चा**

भोपाल । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की ÷पीएम जनमन अंतर्गत पीएमवाई (जी) के लाभार्थियों से बातचीत कार्यक्रम÷ में मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव, कले ट्रेट उज्जैन से वर्चुअली शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम-जनमन के शिवपुरी जिले के ग्राम हातोद की हितग्राही श्रीमती ललिता आदिवासी और श्रीमती विद्या आदिवासी से वर्चुअली चर्चा की।
प्रधानमंत्री श्री मोदी को श्रीमती ललिता ने बताया कि उनकी बड़ी बेटी छठवीं में पढ़ती है, उसे छात्रवृत्ति, स्कूल यूनिफार्म मिली है और सुकन्या समृद्धि योजना में भी उसका खाता खुला है। लाड़ली लक्ष्मी योजना का भी बेटी को लाभ मिला है। दूसरा बेटा ध्रुव है, जो दूसरी ` लास में पढ़ रहा है, उसे भी स्कूल यूनिफार्म और मध्यान्ह भोजन मिलता है। तीसरा बेटा आंगनवाड़ी में जा रहा है। श्रीमती ललिता ने बताया कि वे स्वयं, शीतला माता स्व-सहायता समूह से जुड़ी हैं, जिससे गौशाला संचालित करने का काम मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती ललिता द्वारा तत्परता से दी गई जानकारी की प्रशंसा की।

**प्रधानमंत्री जी हम सब आभारी हैं**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती ललिता से कहा कि आपका पक्के घर का सपना पूरा होने जा रहा है, आपको आज पहली किस्त भी मिलने जा रही है। श्रीमती ललिता ने प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आपने पिछड़े आदिवासी गांव के बारे में सोचा, जनमन योजना के अंतर्गत सभी योजनाओं का लाभ हमारे समुदाय को उपलब्ध कराया, उसके लिए हम सब आपके बहुत आभारी हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने ग्राम हातोद के सभा स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाली बच्चियों को भी बातचीत के लिए प्रोत्साहित किया।

**विकसित भारत संकल्प यात्रा से मिल रही है जानकारी**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती ललिता से पूछा कि उन्हें जनमन योजना के बारे में जानकारी कैसे प्राप्त हुई और इस योजना के अंतर्गत उन्हें या- या लाभ प्राप्त हुए। श्रीमती ललिता ने बताया कि उनके स्व-सहायता समूह को अधिकारियों तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत गांव में आई रैली से जानकारी प्राप्त हुई। जनमन से उन्हें आवास स्वीकृत हो गया है। अपने घर के बारे में उन्होंने सपने में भी नहीं सोचा था, मकान बनने से उन्हें और उनके परिवार को बहुत प्रसन्नता होगी। उन्होंने बताया कि उनके श्वसुर श्री कृष्णा आदिवासी को केसीसी का लाभ मिला, बच्चों के आधार कार्ड बन गए, बच्चों का जाति प्रमाण-पत्र भी बन गया है। गांव में पहले 310 आयुष्मान कार्ड थे, जनमन योजना से 100 आयुष्मान कार्ड गांव में और बने हैं। गांव में सभी महिलाओं के पास उज्जवला गैस कने शन था पर विकसित भारत संकल्प यात्रा से नई बहुओं को भी गैस कने शन मिल गए। इस तरह गांव में उज्जवला के 20 कने शन और बढ़ गए है। गांव में नल-जल योजना का काम भी चल रहा है जिससे हमें शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा।
प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती ललिता से गांव के विकास की योजना के संबंध में पूछा तथा उनकी सूझ-बूझ, प्रस्तुतीकरण और नेतृत्व क्षमता की सराहना की। श्रीमती ललिता ने कहा कि स्व-सहायता समूह से ही उन्हें अपने आप को सही तरीके से अभिव्यक्त करने और व्यक्तित्व विकास का प्रशिक्षण मिला है।

**प्रधानमंत्री को मॉडल से बताया गांव का डेवलपमेंट**

प्रधानमंत्री श्री मोदी को श्रीमती विद्या ने ग्राम विकास के संबंध में जानकारी दी। श्रीमती विद्या ने बताया कि वे वैष्णो देवी स्व-सहायता समूह का संचालन करती हैं। प्रधानमंत्री-जनमन योजना से बच्चों के आधार कार्ड और जाति प्रमाण पत्र आदि बन गए हैं और गाय व पशुधन के लिए शेड भी स्वीकृत हो गया है। उन्होंने बताया कि जब वे शादी होकर वे ग्राम हातोद आई थी, तब पूरे गांव में केवल कच्चे मकान थे। मैं शिवपुरी की रहने वाली थी और यहां गांव में कोई सुविधा नहीं थी। आज हमारा यह गांव सुंदर और सर्वसुविधा संपन्न है। श्रीमती विद्या ने एक मॉडल के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री मोदी को बताया कि गांव में पानी की टंकी, नल, बिजली, पक्की सड़क और सामुदायिक केंद्र है, जहां गांव वाले गणेश उत्सव पर गणेश जी की स्थापना करते हैं और उत्सव मनाते हैं। उन्होंने बताया कि उनका आयुष्मान कार्ड बन चुका है। गांव में पहले एंबुलेंस नहीं आती थी, अब सुविधा हो गई है। इससे गर्भवती महिलाओं को राहत मिली है, फोन लगाने पर एंबुलेंस गांव तक आ जाती है और गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए अब शिवपुरी ले जाना आसान हो गया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को उन्होंने मॉडल के माध्यम से गांव में आंगनवाड़ी, स्कूल, अपना घर और अपनी सहेलियों के घर आदि दिखाएं।

**हर नागरिक को योजनाओं का लाभ मिले**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि विद्या से चर्चा में कहा कि विद्या ने विद्या को पूरी तरह आत्मसात कर लिया है। श्री मोदी ने विद्या जी द्वारा गांव के मॉडल की प्रशंसा करते हुए कहा कि अब देश में आपकी चर्चा होगी। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने श्रीमती ललिता और श्रीमती विद्या से चर्चा पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि आपसे बातचीत से पता चलता है कि पीएम जनमन योजना से शासकीय योजनाओं का लाभ वास्तव में लोगों को मिल रहा है। सभी को शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों का लाभ देने के लिए कैंप भी लगाए जा रहे हैं। हमारी सरकार की यही कोशिश है कि एक-एक नागरिक को योजनाओं का लाभ पहुंचे, लाभ मिलना जिनका अधिकार है उन्हें कहीं भटकना न पड़े, यही मोदी की गारंटी है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने बालिकाओं द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रशंसा की तथा बच्चियों को आशीर्वाद प्रदान किया।

**प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम आवास योजना के एक लाख लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त**

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने पीएम-जनमन के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इसके साथ ही 893 करोड़ रूपये लागत के 541 टोलों में 1200 किलोमीटर सड़क निर्माण, 298 करोड़ रूपये की लागत के 70 हजार 263 घरों में विद्युतीकरण परियोजना, 20 करोड़ रूपये की लागत के 405 वन धन विकास केन्द्रों, 126 करोड़ रूपये की लागत के 916 आंगनवाड़ी केन्द्रों, 270 करोड़ रूपये की लागत के 450 मल्टीपरपज केन्द्रों, 275 करोड़ रूपये की लागत के 100 छात्रावासों, 34 करोड़ रूपये की लागत के 100 मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और 240 करोड़ रूपये की लागत के 206 मोबाईल टॉवर की स्वीकृति प्रदान की।

**कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक आर्थिक कल्याण के लिए संचालित है पीएम जनमन**

उल्लेखनीय है कि पीएम-जनमन का आरंभ 15 नवंबर 2023 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर किया गया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी की मंशा के अनुरूप अंतिम छोर पर मौजूद अंतिम व्यक्ति को सशक्त बनाने के अंत्योदय के विजन की दिशा में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सामाजिक-आर्थिक कल्याण के लिए गतिविधियां संचालित करना इसका लक्ष्य है। लगभग 24,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ पीएम-जनमन, 9 मंत्रालयों के माध्यम से 11 महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों पर केंद्रित है। पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता जैसी बुनियादी सुविधाओं से संतृप्त करके शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पोषण, बिजली, सड़क और दूरसंचार कर्नेे टविटी और स्थायी आजीविका के अवसरों तक बेहतर पहुंच स्थापित करके पीवीटीजी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों में सुधार लाना इसका उद्देश्य है।

# नई शिक्षा नीति ने युवाओं को सनातन के गूढ़ रहस्य समझाने का मार्ग प्रशस्त किया - मु यमंत्री डॉ यादव



**मु यमंत्री डॉ यादव ने ÷श्री रामोत्सव सबके राम÷ कार्यक्रम का किया शुभारंभ**

भोपाल । मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में लागू नई शिक्षा नीति से युवा पीढ़ी के लिए ज्ञान विज्ञान की बातें जानने के साथ-साथ सनातन के गुण रहस्य को समझने का भी मार्ग प्रशस्त हुआ है प्रभु श्री राम संस्कारों का ज्ञान करने के साथ-साथ पिता पुत्र और पति के कर्तव्यों का भान कराने के प्रभावी माध्यम हैं। मु यमंत्री डॉ यादव मीडिया समूह द्वारा समन्वय भवन में आयोजित÷ श्री रामोत्सव सबके राम÷ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।
मु यमंत्री डॉ. मोहन यादव ÷श्री रामोत्सव -सबके राम÷ कार्यक्रम में शामिल हुए। समन्वय भवन में आयोजित कार्यक्रम का मु यमंत्री डॉ. यादव ने शंख ध्वनि- मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। मु यमंत्री डॉ यादव को तुलसी का पौधा और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया।
मु यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य के शासन व्यवस्था के सिद्धांत और उनके विचार रामराज्य की आवधारणा के अनुरूप थे। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का क्रियान्वयन कार्यपालिका का दायित्व है, प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के समसामयिक वातावरण के अनुरूप रामलला का प्राण प्रतिष्ठा समारोह सनातन के प्रति आस्था को दृढ़ करेगा और जन-जन के लिए यह प्रेरणा का पाथेय सिद्ध होगा। कार्यक्रम में पार्श्व गायिका दीपाली दुबे ने सुमधुर भजन की प्रस्तुति भी दी। कार्यक्रम में विधायक श्री रामेश्वर शर्मा, श्री भगवान दास सबनानी, श्री अशोक पांडे, पीठाधीश्वर करूणाधाम श्री 1008 सुदेश शाण्डिल्य महाराज, महंत गुफा मंदिर श्री 1008 राम प्रवेश दास महाराज सहित मानस मर्मज्ञ, साहित्यकार व मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

# गूंज संस्था द्वारा जिला चिकित्सालय में आयोजित किया रक्तदान शिविर




सिवनी यशोः-सिवनी नगर की समाजसेवी संस्था गूंज द्वारा विगत 10 वर्षो से प्रत्येक वर्ष थैलीसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए स्वामी विवेकानंद की जयंती युवा दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन करती है इस रक्तदान शिविर में महिलाओं एवं युवाओं ने स्वप्रेरणा से रक्त दान कर थैलीसिमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्त का संग्रहण किया गया संस्था द्वारा रक्तदाताओं को पैन एवं सर्टिफिकेट देकर स मानित किया गया संस्था द्वारा नगर के समस्त नागरिकों से आग्रह किया गया कि वह भी रक्तदान कर लोगों को जीवनदान दें रक्तदान शिविर का आयोजन गूंज संस्था की अध्यक्ष मनीषा चौहान, सविता गौतम, अन्नपूर्णा मालवी, रश्मि उपाध्याय ,सपना गोस्वामी , संध्या नकपुरे, संतोष भूरा, रेणु अग्रवाल, श्रीमती प्रसून चौहान, नीता यादव, माधुरी सेंगर, अनुसुइया पटवा, माधुरी देशमुख, संगीता चौरसिया, साधना शर्मा, गीता विश्वकर्मा, मोदक एवं समस्त रक्तदाताओं के अथक प्रयासों से सफल रहा

# अनियंत्रित होकर ऑटो पलटा

सिवनी यशोः-सिवनी जिले के आदिवासी बहुल्य विकास खंड घंसौर के अंतर्गत आने वाले किंदरई थाना क्षेत्र के ग्राम धूमामल के समीप एक सड़क हादसा हो गया। जहां अनियंत्रित होकर ऑटो वाहन पलट गया। जिसमें 13 लोग घायल हो गए। इनमें तीन की हालत गंभीर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज एक ऑटो में 13 लोग सवार होकर शंकरन्त नहाने एवं पिकनिक मनाने के लिए जा रहे थे। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने किंदरई पुलिस और 108 वाहन में दी। जहां एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर लाकर भर्ती कराया गया। जिनमें से तीन की स्थिति को देखते हुए डॉ टर ने उन्हें मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा पूरे घटनाक्रम की जांच की जा रही है। और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हादसा कैसे हुआ। साथ ही घायलों के संबंध में जानकारियां जुटा जा रही हैं। घायलों में अभिषेक पिता संतलाल उम्र 18, दुर्गेश पिता दिनेश उम्र 10 वर्ष, अ मती पति विपत उम्र 40 वर्ष, अनीता पति संतलाल उम्र 40 वर्ष, कविता पिता सुक्कू यादव उम्र 35 वर्ष, नंदिनी पिता नोखेलाल उम्र 13 वर्ष, केतकी पति गणराज उम्र 54, निक्की पिता नोखेलाल उम्र16 वर्ष, नियती पिता नोखेलाल उम्र 16 वर्ष, मुन्नी पति छूटउ उम्र 65 वर्ष, प्रिया पिता संतलाल उम्र 13 वर्ष, कान्हा पिता सुक्कू यादव उम्र 11 वर्ष, नीतेश पिता नोखेलाल उम्र 8 वर्ष शामिल है। सभी भिलाई ग्राम के रहने वाले है।

# शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा के छात्र- छात्राओं ने वन विभाग का किया शैक्षणिक भ्रमण

छपारा यशोः- शासकीय आई टी आई कॉलेज छपारा के व्यवसाय स्टेनो हिंदी व कंप्यूटर प्रोग्रामिंग असिस्टेंट के विद्यार्थियों ने कार्यालय वनमण्डलाधिकारी (दक्षिण) सिवनी का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने वन विभाग की कार्यप्रणाली को सूक्ष्मता से देखा,समझा व जाना,कॉलेज के प्राचार्य नलिन तिवारी ने बताया कि उक्त दोनों कोर्सेस के पाठ्यक्रम में कार्यालयीन पध्दति व कार्यालयों में क प्यूटर स बंधित कार्यो को समाहित किया गया है जिसे दृष्टिगत रखते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता में अभिवृद्धि के लिए कार्यो का व्यवाहरिक ज्ञान नितांत आवश्यक है। इसके लिए कॉलेज प्रबंधन विभिन्न कार्यालयों का शैक्षणिक भ्रमण करा कर विद्यार्थियों को उक्त कार्यालयों की कार्य पद्धति को निकटता से समझने का अवसर प्रदान करता है। इसी के चलते वन विभाग का शैक्षणिक भ्रमण पर उपस्थित अधिकारियो ने विद्यार्थियों को जानकारी दी कि राजस्व महकमे की भांति ही वन विभाग को भी विभिन्न क्षेत्रों में विभाजित किया गया है। सिवनी



जिले के अंतर्गत वनविभाग का मु य वन संरक्षक कार्यालय के अधीन उत्तर सिवनी वनमण्डल एवं दक्षिण सिवनी वनमण्डल तथा सिवनी उत्पादन वनमण्डल कार्यरत हैं । वर्तमान में मु य वन संरक्षक के रूप में एस.एस.उददे भा.व.से.उ?तर सिवनी वनमण्डल में, वासु कनौजिया,भा.व.से. वन संरक्षक एवं पदेन वनमण्डल अधिकारी उत्तर सिवनी,दक्षिण सिवनी वनमण्डल में सुदेश महिवाल, भा.व.से. वनमण्डल अधिकारी, दक्षिण सिवनी वनमण्डल एवं सुश्री संध्या, भा.व.से. सिवनी उत्पादन वनमण्डल के वनमण्डलाधिकारी के रूप में कार्यरत हैं । दक्षिण सिवनी वनमण्डल के अंतर्गत 03 (सिवनी, कुरई एवं केवलारी) उपवनमण्डल उत्तर सिवनी वनमण्डल के अंतर्गत 02 (छपारा एवं लखनादौन) उपवनमण्डल हैं । दक्षिण सिवनी वनमण्डल के अंतर्गत 08 परिक्षेत्र तथा उत्तर सिवनी वनमण्डल के अंतर्गत 06 परिक्षेत्र कार्यालय कार्यरत हैं ! विभिन्न अधिकारियो व कर्मचारियों के उत्तरदायित्वों व अधिकारों के विषय मे सूक्ष्मता से जानकारी दी गई व विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। भ्रमण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को जी.एस.तिवारी मु य लिपिक द्वारा वनविभाग के स्थानीय कार्यालय एवं उनके व्दारा किये जानेवाले कार्यो के संबंध में विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया एवं कार्यप्रणाली के संबंध में अवगत कराया गया । एस.पी.सोमकर वरिष्ठ स्टेनोग्राफर व निज सहायक वनमंडलाधिकारी द्वारा स्टूडेंट्स को हिन्दी स्टेनोग्राफी के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया और वन विभाग में स्टेनोग्राफर के पदीय कर्त०?य तथा स्टेनोग्राफर के रूप में शासकीय सेवा के संबंध में विस्?तृत से चर्चा कर अवगत कराया गया ।उन्होंने भाषा की वर्तनी और शुद्धता का विशेष ध्यान रखने की उपस्थित छात्र- छात्राओं को समझाइश दी व हिंदी शुद्ध करने हेतु आवश्यक व महत्वपूर्ण सुझाव दिए। विद्यार्थियों द्वारा अपनी जिज्ञासा एवं जानकारी प्राप्त करने के लिये कई प्रश्?न किये गये जिनकी समाधानकारक जानकारी दी गई । वन परिक्षेत्र अधिकारी शैलजा ठाकुर ने समय प्रबन्धन के महत्व को प्रतिपादित किया।उन्होंने विद्याथियों को स बोधित करते हुए कहा कि ईश्वर ने 24 घंटे सभी को प्रदान किए हैं जो समय का सही प्रबंधन व उपयोग करता है सफलता उसके कदम चूमती है। छात्रा महिमा दुबे ने इस भ्रमण को अत्यंत उपयोगी बताया। पूर्वी साहू ने इसे अपने छात्र जीवन का एक महत्वपूर्ण दिन बताया। छात्र विशाल परते ने निरन्तर शैक्षणिक भ्रमण के लिए प्राचार्य नलिन तिवारी का आभार व्यक्त किया। इस भ्रमण को सफल बनाने में आई टी ऑफिसर संजय उईके, प्लेसमेंट ऑफीसर नीरज उइके, पी डी नापित व प्रतिभा सोनी का महत्वपूर्ण योगदान रहा

# लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की बैठक 18 को

सिवनी यशोः- जिला कांग्रेस कार्यालय इंदिरा भवन में बालाघाट-सिवनी लोकसभा प्रभारी संजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार खुराना, जिला कांग्रेस प्रभारी चैधरी गंभीर सिंह, सहप्रभारी राजेन्द्र चैधरी, सिवनी विधानसभा प्रभारी देवेन्द्रसिंह ठाकुर एवं बरघाट विधानसभा प्रभारी नितिन भोज पूर्व विधायक अर्जुनसिंह काकोडिया, सिवनी विधानसभा प्रत्याशी आनंद पंजवानी की उपस्थिति में लोकसभा चुनाव को लेकर दिनांक 18 जनवरी 2024, दिन गुरूवार को प्रातः 10 बजे लोकसभा चुनाव के क्षेत्रवार समिति जिसमें लोकसभा क्षेत्र के प्रदेश चुनाव समिति के सदस्य, जिला संगठन मंत्री, समस्त ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष एवं संगठन मंत्री, मोर्चा संगठन के अध्यक्ष, नगरपालिका अध्यक्ष, विभाग एवं प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष गण की बैठक रखी गयी है। तत्पश्चात दोपहर 12 बजे ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम, से टर अध्यक्ष एवं कांग्रेस जनो की बैठक लेंगे।

# 22 जनवरी को श्री राम मंदिर कलबोड़ी में होंगे विविध आयोजन

*** सुंदरकांड का पाठ एवं महाप्रसाद वितरण होगा**
*** रात्रि 8:00 बजे से अतुल जी महाराज रामायणी का प्रवचन होगा**
*** मंदिर को दीपों से जगमगाया जाएगा रात्रि में भजन मंडल का कार्यक्रम होगा**
*** डॉ टर रमन सिंह सिकरवार कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे**

सिवनी यशोः- इस समय समस्त देशवासियों को 22 जनवरी का बेसब्री से इंतजार है जब कि श्री राम लला अपनी नगरी अवधपुरी में सिंहासन पर विराजेंगे। पूरे देश में सभी मंदिरों में इस अवसर पर विविध आयोजन किए जाने की तैयारी चल रही है। इसी श्रृंखला में आनंद वर्धन श्री राम मंदिर कल बोड़ी में भी 22 जनवरी को पूरे दिन एवं रात्रि में विविध आयोजन किए जाएंगे इस आशय का निर्णय विगत 12 जनवरी को श्री राम मंदिर समिति की बैठक में लिया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने 22 जनवरी को अपने घरों में दीपों से रोशनी करने का निर्णय लिया एवं अपने घरों से लाकर मंदिर को भी दियों से सजाने का निर्णय लिया।

दिनांक 22 जनवरी को प्रातः 10॰00 बजे से सुंदरकांड का पाठ किया जावेगा एवं तदुपरांत महा आरती की जावेगी। एवम महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। इसके उपरांत महिला मंडल के द्वारा मंगल गीत गाए जाएंगे। रात्रि 8॰00 बजे से देश के जाने-माने राष्ट्रीय कथा व्यास श्री अतुल जी महाराज रामायणी का सत्संग कार्यक्रम आयोजित है। सत्संग के उपरांत क्षेत्रीय एवं स्थानीय भजन मंडलों द्वारा भजन मंडल की प्रस्तुति होगी। अयोध्या में श्री राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के इस सुअवसर पर श्री राम मंदिर कल बोड़ी से जुड़े हुए भक्त सेवा निवृत पुलिस महानिरीक्षक एवं पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग मध्य प्रदेश श्री डॉ टर रमन सिंह सिकरवार जी भी इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे। यहां विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि श्री सिकरवार जी जिला सिवनी में पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

उगताशय की जानकारी देते हुए श्री राम मंदिर समिति कल बोड़ी के अध्यक्ष श्री मोहन सिंह चंदेल एवं समिति के सभी सदस्य गणों ने समस्त श्रद्धालु भक्तों से उक्त समस्त कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की है।

# टायनी टोट्स स्कूल के बच्चो का जंगल में एडवेंचर

सिवनी यशोः- विगत दिवस टाइनी टोट्स स्कूल के बच्चो का जंगल ट्रीप आयोजित किया गया,इस ट्रीप में बच्चो को कटंगी स्थित बड़ी अंबा माई एवम सिवनी के पास छोटी अंबामाई,महाबलीपुरम का भ्रमण कराया गया, पर्यावरण के प्रति जागरूकता हेतु बच्चो ने कुदरत के नजारों को करीब से देखा, स्कूल की संचालक श्रीमती स्वाति शुभम सोनी ने बताया कि छात्रों को पर्यावरण के प्रति रुचि बढ़ाने एवम उन्हें ज्ञानवर्धक जानकारी प्रदान करने हेतु यह कैंप का आयोजन किया गया, छात्रों को कैंप में विभिन्न प्रकार की वनस्पति,लुप्त होती वनस्पति,भूमिगत जल के स्त्रोत एवम,प्राकृतिक रूप से जल में पाए जाने पाए वाले मिनरल्स के बारे में विस्तृत रूप से समझाया गया साथ ही आग से होने वाले वनों के नुकसान एवम वनों को आग से केसे बचाया जाए इस बारे में बच्चो पर बाद विवाद प्रतियोगिता भी आयोजित की गई।

विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रीना चौरसिया ने बताया कि बच्चो की इस ट्रीप में बच्चो को जल संरक्षण एवम नदी नालों के संरक्षण के बारे में समझाया गया,बच्चो ने प्रकृति के करीब से पहुंच कर जाना की पर्यावरण संरक्षण` यों आवश्यक है, वनविहार के दौरान बच्चे पर्यावरण संरक्षण एवम जल संरक्षण हेतु काफी जागरूक दिखाई दिए।

# उप सेवा केंद्र कांहीवाड़ा के माता दिवाला मंदिर मैं लोहड़ी एवं मकर संक्रांति का हुआ आयोजन

कान्हीवाडा यशोः- बी.के.मोनिका दीदी ने बताया कि इस लोहड़ी में काली तिल जिसका अध्यात्मिक रहस्य है अपने अंदर की सूक्ष्म बुराइ जिनके कारण हम परेशान होते उनको आज हम जलाते और अपने सारे दुखों का अंत करते हैं और आग अर्थात प्रकाश अर्थात सूर्य परमात्मा की रोशनी से अपने जीवन में खुशियों का प्रकाश परमात्मा शिव की याद से भरे कहते हैं अंधेरी रात के बाद सुबह सवेरा होता है तो आज की रात को यह जलाई जाती है और दूसरे दिन त्यौहार , मकर संक्रांति मनाई जाती है इस दिन विशेष पतंग उड़ाई जाती है पतंग हल्की होती है अर्थात अपने अंदर की कमजोरी समाप्त हो जाती है तो आत्मा रूपी पतंग बुद्धि रूपी डोर से परमात्मा से सहज ही मिल लेती है ` योंकि वह हमारा पिता है आज के दिन के लिए कहा जाता है सूर्य देवता अपने पुत्र शनि से मिलने के लिए आए थे उसे यादगार में यह पर्व मनाते हैं वास्तव में वहां पुत्र और पिता का मिलन ऐसे ही अभी हम सभी समस्त आत्माओं का पिता इस समय पर इस धरा पर आते हैं और उनसे हमारा मंगल मिलन होता है अर्थात दिन होता है विशेषकर परमात्मा के लिए कहा जाता है ज्ञान सूर्य , प्रगट अज्ञान अंधेर विनाश अब वह समय चल रहा है जब परमात्मा इस धरा पर आ चुके हैं जो हमारे अंदर की सभी बुराइयों अज्ञानता का अंत करते हैं यह त्योहार नया सवेरा अर्थात रात के बाद दिन अर्थात सुबह स्नान करना , अर्थात ज्ञान स्नान करें जिससे आत्मा के मेल धूल जाएंगे और उसकी सारी बुराइयां समाप्त हो जाएंगे यदि हम परमात्मा से कने शन नहीं रखते हैं तो हमारे जीवन की खुशियां शांति सब खत्म हो जाती है और हम काली रात इस कलयुग दुनिया में जीवन जीते रहते हैं जरूरत हैं विशेष त्यौहार पर स्वयं की आत्मा रूपी ज्योति को जलाएं और अपनी मर्यादा रूपी डोर को बांध के रखें और संबंधों में जो गांठ है उस गांठ को समाप्त करें मिलजुल कर रहे हैं अपने जीवन में ज्ञान प्रकाश लेकर अज्ञान अंधकार को दूर कर अपनी जीवन को धन्य धन्य बनाएं इस त्यौहार में मनोकामना पूर्ण होती है ऐसा माना जाता है हमारी मनोकामनाएं तब पूर्ण होगी जब हमारे अंदर की सभी कमजोरियां परमात्मा की याद रूपी अग्नि से जल जाएगी और आत्मा शुद्ध हो जाएगी जिसमें लोगों ने लिया बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# मकर संक्रान्ति पर्व पर बैनगंगा नदी में श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी





**नदी तट पर दो दिनों से लगा मेला**

छपारा यशोः- सूर्य की उपासना का महापर्व मकर संक्रांती के प्रति पूरे भारत वर्ष में लोगों की विशेष आस्था रही है। पुराने समय से ही मकर संक्राति के अवसर पर लोग तिल का उबटन लगाकर स्नान करते है। देश के अनेक हिस्सों में सरोवर,तालाब,नदियां जो भी साधन सुलभ होते हैं डुबकी लगाने के लिए लोक आस्था के अनुसार संक्रांति को विशेष डुबकी लगाते हैं विगत कई वर्षो से मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाता रहा है किंतु इस बार भी सूर्य द्वारा राशि परिवर्तन के समय में अंतर आने कारण मकर संक्रांति 14 एवं 15 जनवरी दोनों ही दिन मनाई गई।

इस अवसर पर सोमवार 15 जनवरी को मकर संक्रांति पर्व पर नगर के बैनगंगा नदी के घाटों पर स्नान एवं पूजा करने श्रद्धालुओं का सुबह से ही पहुंचना शुरू हो गया जहां श्रद्धालुओं ने बड़ी सं या में नदी के घाट पर परिवार सहित बड़े ही भक्ति भाव के साथ डुबकी लगा पूजन अर्चन किया वहीं प्रतिवर्ष की तरह है इस वर्ष भी नगर के नदी किनारे पुल घाट पर दो दिवसीय मेला 14 एवं 15 जनवरी को जारी रहा, जिसमे हर वर्ष के मुकाबले इस बार जबरदस्त भीड़ देखी गई, भीड़ का आलम यह था कि नगर के बस स्टैण्ड से बैनगंगा नदी तट तक लोगों की भीड़ नजर आई।

मेले में दूर-दूर से पहुंचे लोगों ने खानपान से लेकर घरेलू वस्तुओं की खरीदारी जमकर की गई।

**भागवत कथा का हुआ समापन**

बैनगंगा नदी तट पर विगत 8 जनवरी से शुरू हुई सार्वजनिक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा कार्यक्रम का मकर संक्रांति के अवसर पर समापन हुआ अंतिम दिन सोमवार को सुबह से ही अभिषेक किया गया एवम दोपहर बाद हवन पूजन के साथ कथा संपन्न हुई।

ज्ञात हो कि नगर के वंशकार समाज एवम नगर वासियों के सहयोग से लगभग पिछले पंद्रह वर्षों से भागवत और राम कथा का आयोजन सफलता पूर्वक जारी हैं, इस वर्ष भी कथा वाचक कन्हैया महाराज के द्वारा भागवत कथा संपन्न की गई,वही इस मौके पर सोमवार को नगर के मीडिया कर्मियों के आलावा क्षेत्रीय विधायक रजनीश सिंह के भ्राता अवनीश सिंह, आशु सिंह, बिट्टूसिंह भी अंतिम दिवस भागवत स्थल पहुंचे। वही आयोजन समिति के अध्यक्ष मुकेश कुमार ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार जताया।

# नगर के सिंचाई कालोनी मैदान में हो रहा टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन

छपारा यशोः- नगर के सिंचाई कॉलोनी स्थित मैदान में 5 जनवरी से टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता सीपीएल (छपारा प्रीमियर लीग) का आयोजन यंग हीरो और मॉर्निंग क्रिकेट` लब के तत्वाधान में किया जा रहा है।



ज्ञात हो कि पांच जनवरी से नगर के सिंचाई कॉलोनी स्थित मैदान में लगभग दो दशक से सक्रिय स्थानीय यंग हीरो क्रिकेट` लब के तत्वाधान में जिला स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें विकासखंड सहित जिले के अलग अलग स्थानों से क्रिकेट टीम द्वारा अपना जबरदस्त प्रदर्शन किया जा रहा साथ इस प्रतियोगिता में कई वर्षो से लगातार खेल वेटरन का मुकाबला भी अलग खेला जा रहा है।

इसी के चलते रविवार को हुए तीन मैचों में टीमों ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में जगह बनाई। जिसमे सर्वप्रथम मैच सुबह 12बजे के आसपास खेला गया जिसमें सरदार हिटला इलेवन और छपारा नगर की पावर हिटर के बीच खेला गया जिसमें टास जीतकर हिटला इलेवन ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया जिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए पॉवर हिटर के खिलाड़ियों दस ओवर के मैच 82 रन का लक्ष्य सामने वाली टीम के लिए रखा, इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी करते हुए पॉवर हिटर के बल्लेबाज रितिक ने 15 बालों में 42 रन का सर्वाधिक योगदान दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए सरदार हिटला इलेवन के बल्लेबाजों ने अंतिम ओवर की तीन गेंदों को शेष रहते यह रोमांचक मुकाबला अपने नाम किया। हिटला इलेवन की ओर से शानदार बल्लेबाजी करते हुए नगर के युवा बल्लेबाज बिट्टू पंचेशवर ने काफी अच्छे लंबे ल बे शॉट खेले और अपनी टीम को जीत के किनारे पहुंचा कर ही आउट हुए वही संस्कार धानी जबलपुर के वेटरन खिलाड़ी राका दादा ने भी अपने हुनर का जबदस्त प्रर्दशन किया और युवाओं को अपने खेल से काफी प्रभावित किया इन्होंने भी काफी लंबे ल बे शॉट खेलकर चौके छक्के जड़े।

और मुकाबला अपने नाम किया। दूसरे मुकाबला सिवनी से आई तुलसी धारा क्रिकेट` लब और गोरखपुर इलेवन के बीच खेला गया जिसमे सिवनी से आई तुलसी धारा क्रिकेट` लब ने गोरखपुर इलेवन को हराते हुए मुकाबला अपने नाम किया।

तीसरा मैच जो की क्वाटर फाइनल मुकाबला था उसमे तुलसी धारा और सरदार हिटला इलेवन के बीच खेला गया जिसमें निर्धारित दस ओवर में पहले बल्लेबाजी करते हुए तुलसी धारा क्रिकेट` लब ने 70रन बनाए और हिटला इलेवन को जीत के लिए 71रनों का लक्ष्य रखा जिसको हिटला इलेवन अच्छी बल्लेबाजी करते हुए यह मुकाबला भी जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

अंतिम मुकाबले में यंग हीरो के वेटरन खिलाड़ी अखलेश सोनी और ठाकुर सुरजीत ने शानदार एंपेयरिंग की। वही आयोजन समिति यंग हीरो मॉर्निंग ` लब एवं मित्र मंडल छपारा के द्वारा यह टूर्नामेंट कराया जा रहा है जिसके आयोजक देवेंद्र सिंह, अखिलेश सोनी,सुरजीत सिंह,चंदू सोनी,शाश्वत सिंह विशाल टोनी चौहान, बाबू मुर्तजा अली,मोंटू ठाकुर, मिंटू ठाकुर, मिक्की परिहार, अंकित ठाकुर,मयंक ठाकुर, सोनू गोल्हनी, मनीष सोनी, गोलू ठाकुर, रविंद्र उईके है वही समिति के देवेंद्र ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि उक्त टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए हैं, साथ ही उप विजेता टीम को द्वितीय पुरस्कार पचास हजार दिया जायेगा साथ ही मैन ऑफ द मैच,बेस्ट बैट्समैन,बेस्ट बॉलर,बेस्ट ऑफ़ द सीरीज प्लेयर जैसे अनेकों विशेष पुरस्कारों को भी शामिल किया गया हैं। वही पांच जनवरी से जारी इस क्रिकेट प्रतियोगिता में जिले के साथ साथ बाहर से आए खिलाड़ियों का जबरदस्त सहयोग प्राप्त हो रहा हैं वही खिलाड़ी भी पूरी खेल भावना के साथ खेल रहे हैं साथ ही दर्शको का जबरदस्त सहयोग मिल रहा प्रतिदिन इतने लोग मैच देखने पहुंच रहे की मैदान में जगह नहीं बच रही हैं जो की इस टूर्नामेंट की सफलता का पर्याय बन गया है

# रूक जाना नहीं योजना के जरिये विद्यार्थियों में निरंतर अध्ययन की प्रवृत्ति को और किया जाये प्रोत्साहित

## स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह ने किया कार्यभार ग्रहण

भोपाल । स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने आज भोपाल में राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष के पद पर कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद स्कूल शिक्षा मंत्री ने कहा कि बोर्ड की रूक जाना नहीं योजना प्रदेश में लोकप्रिय हुई है। इसके माध्यम से निरंतर विद्यार्थियों में अध्ययन की प्रवृत्ति को और अधिक प्रोत्साहित किये जाने की जरूरत है।



स्कूल शिक्षा मंत्री ने बोर्ड कार्यालय की विभिन्न शाखाओं का निरिक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के सुव्यस्थित और कॉर्पोरेट पेटर्न कार्यशैली की प्रशंसा की। संचालक मध्यप्रदेश राज्य मुक्त शिक्षा बोर्ड श्री प्रभातराज तिवारी ने बताया कि रूक जाना नहीं योजना में अब तक करीब 5 लाख विद्यार्थियों ने कक्षा 10 और कक्षा 12 की परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने के बाद सफलता पाई है। अब ये विद्यार्थी आगे की पढ़ाई जारी रखे हुए हैं। बोर्ड की रूक जाना नहीं योजना में बोर्ड में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को दोबारा से बगैर समय के नुकसान के परीक्षा में शामिल होने के अवसर दिये जाते है।

**शुजालपुर में कौशल विकास केन्द्र**

स्कूल शिक्षा मंत्री श्री सिंह को अवगत कराया गया कि शाजापुर जिले के शुजालपुर में कौशल विकास के लिये केन्द्र सरकार मदद से कौशल विकास केन्द्र शुरू किया गया है। केन्द्र के माध्यम से युवाओं को सोलर ऊर्जा, बांसकलां, हेण्डलूम का प्रशिक्षण दिलाया जा रहा है। केन्द्र में वर्तमान में 40 युवा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें है। प्रदेश में अन्य जगहों पर भी इस तरह के सेंटर शुरू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है।

## ठंड से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग की एडवायजरी

मंडला यशोः- प्रत्येक वर्ष दिसंबर से फरवरी के महीने में शीत लहर का अधिक प्रभाव रहता है शीत लहर, बारिश, कोहरा आदि द्वारा प्रभावित करने वाले मौसम संबंधी खतरों के रूप में उभर रहे हैं। विश्व मौसम विज्ञान संगठन के अनुसार वैश्विक तापमान में विभिन्न मौसमों के दौरान काफी भिन्नताएं सामने आ रही हैं और उसका प्रभाव पर्यावरण, स्वास्थ्य, कृषि, पशुधन, आजीविका, सामाजिक अर्थव्यवस्था और अन्य संबध्द क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। ठंड में वातावरण का तापमान कम होने (शीत लहर) के कारण मानव स्वास्थ्य पर अनेक विपरीत प्रभाव जैसे सर्दी जुखाम, बुखार, निमोनिया, त्वचा रोग, फेफड़ों में संक्रमण, हाइपोथर्मिया अस्थमा, एलर्जी होने की आशंका बन जाती है, यदि समय पर नियंत्रण न किया जाए तो, उस स्थिति में मृत्यु भी हो सकती है।

मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने जारी एडवायजरी में कहा है कि ठंड के प्रभावों से बचाव हेतु शरीर को सूखा रखें। शरीर की गर्माहट बनाएं रखने के लिए अपने सिर, गर्दन, नाक, कान, हाथ और पैर की उंगलियों को पर्याप्त रूप से ढकें। टोपी, हैट, स्वेटर, मफलर तथा आवरण युक्त जलरोधी जूतों का प्रयोग करें। सिर को ढकें ` योंकि सिर के उपरी सतह से शरीर की गर्मी की हानि होती है। यथासंभव घर के अंदर रहें और ठंडी हवा बारिश से संपर्क को रोकने के लिए अनिवार्य होने पर ही यात्रा करें। रोग प्रतिरोध क्षमता में वृद्धि के लिए विटामिन सी से भरपूर ताजे फल और सब्जियां खाएं। गर्म तरल पदार्थ नियमित रूप से पिए, जिसमें शरीर में गर्मी बनी रहेगी। बुजुर्ग नवजात शिशु गर्भवती माताएं बीमार व्यक्ति तथा बच्चों का अधिक ध्यान रखें ` योंकि उन्हें शीत ऋतु के प्रभाव होने की आशंका अधिक रहती है।

## महिला सशक्तिकरण सप्ताह के तहत दी गई घरेलू हिंसा एवं लैंगिग हिंसा से संबंधित जानकारी

मंडला यशोः- सखी मंडला द्वारा शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय में जाकर महिला सशक्तिकरण सप्ताह के अंतर्गत कार्यक्रम किया जिसके अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर मंडला में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में रुचि रखने वाली महिलाएं आमंत्रित की गई। जरूरतमंद महिलाओं के डॉ यूमेंट्स की कॉपी और उनका विभिन्न कोर्स में पंजीयन का आयोजन किया गया। साथ ही सरकार द्वारा दिए जाने वाले निःशुल्क प्रशिक्षण की जानकारी दी गई एवं भविष्य में प्रशिक्षण में जुड़ने के लिए जानकारी दी गई। महिलाओं को अपने बल पर अपने हुनर को निखारने के लिए भी पंजीयन के दौरान बताया गया। वन स्टॉप सेन्टर द्वारा शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय मण्डला में महिला सशक्तिकरण सप्ताह के उपलक्ष्य में अध्ययनरत छात्र छात्राओं को घेरलू हिंसा, लैंगिग हिंसा, आत्मनिर्भर बनने के लिए जानकारी दी गई।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 90 आवेदन

सिवनी यशोः- शासन के निर्देशानुसार प्रति मंगलवार को कले ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित होने वाली जिलास्तरीय जनसुनवाई कले टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जनसुनवाई में मु य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, अपर कले टर सुश्री सुनीता खण्डायत, संयुक्त कले टर प्रियंका वर्मा सहित सभी विभाग प्रमुखों की उपस्थिति रही।



जनसुनवाई में कटंगी रोड सिवनी निवासी विजय कुमार वरमैया द्वारा मु यमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम चंदनवाड़ा निवासी खाद्यान्न पर्ची दिलाने विषय, संजय कालोनी कॉलोनी छपारा निवासी जगदीश प्रसाद द्वारा भू अभिलेख में नाम दर्ज कराए जाने बाबत, संजय कॉलोनी छपरा निवासी कृष्णकांत द्वारा प्रधानमंत्री जन मन मिशन योजना का लाभ दिलाया जाने विषय, काली चौक गांधी वार्ड सिवनी निवासी भूपेंद्र कुमार द्वारा महंगाई भत्ता की राशि की नगद भुगतान दिलाए जाने बाबत, ग्राम बोरी कला निवासी मोह मद हामिद खान द्वारा बैंक ऋण दिलाए जाने विषयक, ग्राम चूनाभट्टी निवासी अर्चना नामदेव एवं समस्त रेलवे विस्थापित परिवार द्वारा मोहल्ले में पेयजल व्यवस्था कराए जाने बाबत, चमारी खुर्द छपरा निवासी रमेश अहिरवार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाए जाने विषयक, ग्राम साल्हे खुर्द निवासी जगन्नाथ परधी द्वारा अतिक्रमण हटवाने विषयक, ग्राम कुर्सीपार निवासी रेवती बरकडे द्वारा बीपीएल कार्ड बनाए जाने विषयक, ग्राम दवाझीर निवासी रामचरण यादव द्वारा काबिज जमीन का पट्टा दिलाए जाने विषयक, समस्त ग्रामीण टिकारी आवासीय भूखण्ड आवंटित कराने विषयक, श्री सतीश जायसवाल, ग्राम पंचायत कुरई अवैध कब्जा हटाए जाने विषयत, सुलेखा उइके ग्राम पंचायत पिपरिया आंगनवाडी प्रक्रिया मे अनियमितताए होने विषयक, श्री बसंत पिता मंगल ग्राम पुरवा अनुग्रह सहायता राशि प्राप्त न होने विषयक, श्री नंदकिशोर सनोडिया ग्राम गुंदरई धान का भुगतान विषयक, श्रीमती तीरन बाई ग्राम नजमखारी रबी की फसल गेहू की नुकसानी का मुआवजा दिलाने विषयक, श्री गोविंद प्रसाद तिवारी केवलारी वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभा दिलाये जाने विषयक, श्री विजय अंबागढे ग्राम पंचायत जनमखारी अतिगरीबी रेखा का राशन कार्ड बनाये जाने विषयक, इस प्रकार कुल 90 आवेदन जनसुवाई में प्राप्त हुए। जिनके नियमानुसार शीघ्र निराकरण करने के निर्देश कले टर श्री सिंघल ने संबंधित विभागाधिकारियों को दिए।

### आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आंगनवाड़ी सहायिका के रिक्त पद पूर्ति हेतु आवेदन-पत्र आमंत्रित

सिवनी यशोः- महिला एवं बाल विकास, परियोजना-सिवनी (ग्रामीण-01) अन्तर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता पद हेतु ग्राम-मरझोर, परासिया, अलोनिया एवं छुहाई तथा आंगनवाड़ी सहायिका पद हेतु ग्राम-मरझोर, सुकवाह एवं ढेंकी के रिक्त पद पूर्ति हेतु 17 जनवरी 2024 से 31 जनवरी 2024, 11 बजे से सायं 04.30 बजे तक 10 दिवसों के अन्दर कार्यालयीन दिवसों में कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, परियोजना-सिवनी (ग्रामीण-01) में स्थानीय निवासी आवेदिकाओं से आवेदन आमंत्रित किये गये है।

## मवई में 5 दिवसीय नेत्र शिविर

मंडला यशोः- मु य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विकासखंड मवई में नेत्र संबंधी विशेष अभियान चलाया जाएगा। मवई के 27 एचडब्ल्यूसी केन्द्रों में 5 नेत्र चिकित्सा सहायकों के माध्यम से 5 दिनों में डायग्नोस्टिक के प आयोजित कर ऑपरेशन योग्य मरीजों का चिन्हांकन किया जाएगा। प्रत्येक एचडब्ल्यूसी केन्द्रों में ब्लड प्रेशर, शुगर की जांच करने के निर्देश दिए गए हैं। चिन्हित मरीजों का ऑपरेशन 29, 30 व 31 जनवरी 2024 को डॉ टर तरूण अहरवाल नेत्र रोग विशेषज्ञ जबलपुर के द्वारा किया जाएगा। मरीजों को 108 ए बूलेंस के माध्यम से लाने, ले जाने की सुविधा रहेगी।

**इन स्थानों पर लगेंगे शिविर**

17 जनवरी को घुटास, मानेगांव, बरई, कुटरवाही तथा नंदराम में तथा 18 जनवरी को अंजनी, परसाटोला, धनगांव, सोढ़ा एवं मढफा, 19 को सकवाह, दाढ़ी एवं कु हली, 20 जनवरी को मोतीनाला, खलौड़ी, नेवसा, मंगली एवं हर्राटोला तथा 24 जनवरी 2024 को टिकरिया, छपरतला, जमगांव, सैदा, मझगांव, बसनी एवं मवई में शिविर आयोजित किया जाएगा।

## कोलमगहन पर लगा पीएम जनमन शिविर

मंडला यशोः- प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति के लिए सामाजिक, आर्थिक पिछड़ापन दूर करने हेतु विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की जा रही हैं। इसी क्रम में जिले की प्रत्येक बैगा बस्तियों में शिविरों का आयोजन कर बैगा परिवारों को शासन की योजनाओं से आच्छादित किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार आज मवई के कोलमगहन ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बैगाओं के आधार कार्ड, आयुष्मान पंजीयन, जाति प्रमाण पत्र तथा बैगा को पात्रता पर्ची प्रदान करने संबंधी कार्यवाही की गई। शिविरों के दौरान सिकलसेल एनीमिया की जांच की गई तथा दवाईयों का वितरण किया गया। साथ ही अन्य योजनाओं के लिए हितग्राहियों का चयन किया गया। शिविर में संबंधित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत 2 दिवसीय कृषक सेमीनार आयोजित

मंडला यशोः- उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग मण्डला द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत 2 दिवसीय कृषक सेमीनार का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र मण्डला सभागार में किया गया। सेमीनार का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. संजय कुशराम एवं जनपद पंचायत मण्डला के अध्यक्ष सोनू भलावी की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर एन.एल. शरणागत सहायक संचालक उद्यान मण्डला ने उद्यानिकी योजनाओं की रूपरेखा बताई। प्रथम दिवस में जिले के समस्त विकासखण्डों से आये कृषकों को केतकी धूमकेती कार्यक्रम सहायक कृषि विज्ञान केन्द्र मण्डला द्वारा उद्यानिकी फसलों के प्रसंस्करण विषय पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। एन.एल. शरणागत सहायक संचालक उद्यान मण्डला द्वारा उद्यानिकी में जैविक खेती को बढ़ावा देने हेतु जानकारी दी गई तथा आर.डी. जाटव सहायक संचालक कृषि विभाग द्वारा मृदा संरक्षण एवं मृदा की जांच से संबंधित जानकारी दी गई। साथ ही पंकज मरकाम प्रभारी वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी मण्डला एवं अभिनव बर्मन, कार्यालयीन ग्रामीण उद्यान विस्तार अधिकारी द्वारा उद्यान विभाग की समस्त विभागीय योजनाओं एवं उद्यानिकी के नवीनतम तकनीकों पर पृथक-पृथक जानकारी दी गई। कार्यक्रम के द्वितीय दिवस जिले में संचालित सिर्जटा फाउंडेशन व एक गांव टे नालॉजी द्वारा कृषकों के हितार्थ चलाये जा रहे कार्यक्रमों से अवगत कराते हुए विभागीय योजना प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना पर दीपमाला उइके, जिला रिसोर्स पर्सन द्वारा जानकारी दी गई।

## कर्मचारियों को उनके स्वत्वों का भुगतान समय पर करें - डॉ. सिडाना

**समय-सीमा बैठक में कले टर के निर्देश**

मंडला यशोः- समय-सीमा एवं विभागीय समन्वय समिति की बैठक में कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने निर्देशित किया कि जिला स्तर के अधिकारी योजनाओं की अपने स्तर पर समीक्षा करते हुए कोरवर्क में प्रगति लाएं। कर्मचारियों को उनके स्वत्वों का भुगतान समय पर करें। सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों के पीपीओ समय पर जारी करें। इस संबंध में सभी तैयारियां समय से पहले पूर्ण करना सुनिश्चित करें।



कले टर ने कहा कि विभिन्न योजनाओं के हितग्राही तथा निर्माण कार्य के श्रमिकों के भुगतान की कार्यवाही समय पर पूर्ण करें। भुगतान में लापरवाही पाए जाने पर संबंधितों पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन तथा पीएचई के कार्यों में गति लाएं। संबंधित एसडीएम इन योजनाओं की मॉनिटरिंग करें। प्रधानमंत्री जनमन अभियान की समीक्षा के दौरान कले टर ने कहा कि ` लस्टर स्तर के अधिकारी लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें तथा पंचायत स्तर पर संधारित रजिस्टर का अवलोकन भी करें। डॉ. सिडाना ने कहा कि शिक्षा विभाग के अधिकारी स्कूलों की प्रभावी मॉनिटरिंग करें। दसवी तथा बारहवी के परीक्षाओं की तैयारी कराएं। रेमेडियल ` लास लगवाएं। कले टर ने कहा कि संबंधित अधिकारी खाद्य सामग्रियों की सतत जांच करें। अवमानना तथा न्यायालयीन प्रकरणों पर समय पर जवाब प्रस्तुत करें। टीएल के प्रकरणों का जवाब जन आकांक्षा पोर्टल पर दर्ज करें। उन्होंने सीएम हेल्पलाईन की विभागवार समीक्षा करते हुए सभी अधिकारियों को प्रदर्शन सुधारने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कले टर राजेन्द्र कुमार सिंह सहित संबंधित उपस्थित रहे।

## आयोजनों से भगवान श्री राम के अध्यात्मिक विचार आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करें- संपतिया उइके

### 22 जनवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में धर्मगुरूओं तथा स्वयंसेवी संगठनों की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर अयोध्या में स्वरूप की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने के संबंध में जिला योजना भवन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश सरकार की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री संपतिया उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, कले टर डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य अधिकारी, धर्मगुरू तथा विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए पीएचई मंत्री संपतिया उइके ने कहा कि विभिन्न आयोजनों के माध्यम से भगवान श्री राम के अध्यात्मिक विचार आमजन तक पहुंचाने का प्रयास करें। भगवान श्रीराम के चरित्र से प्रेरणा लेने वाली गतिविधियों पर फोकस करें। 22 जनवरी को दीपोत्सव के रूप में मनाएं। इस संबंध में समाज में बेहतर वातावरण तैयार करें। उन्होंने कहा कि आयोजनों में सभी वर्ग के लोग शामिल हों। हर घर, हर बस्ती, हर गांव में कलश यात्रा, प्रभातफेरी, दीपदान, रंगोली तथा श्रमदान आदि के आयोजन करें। उन्?होंने प्रभातफेरी, कलश यात्रा, मंदिरों तथा नदियों में दीपदान एवं प्रकाश व्यवस्था आदि के संबंध में भी विस्तार से चर्चा की।

**23 जनवरी तक चलेगा स्वच्छता अभियान**

इस अवसर पर कले टर डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि 16 से 23 जनवरी तक स्वच्छता अभियान संचालित किया जाएगा। इस दौरान श्रमदान के माध्यम से सभी मंदिरों, घाटों तथा शासकीय कार्यालयों में सफाई की जाएगी। उन्?होंने विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों से श्रमदान में सहभागिता करने की अपील की। उन्होंने विविध आयोजन करने वाली समितियों से आयोजनों की पूर्व जानकारी प्रशासन को उपलब्ध कराने का आव्हान किया। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने आयोजन के दौरान शांति तथा कानून व्यवस्था से संबंधित बिन्दुओं पर अपनी बात रखी।

### 22 जनवरी शुष्क दिवस घोषित

**मंडला यशोः- 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में श्रीराम मंदिर में स्वरूप की प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर बड़े कार्यक्रमों, समारोहों का आयोजन, जुलूश, प्रभातफेरी आदि निकलना संभावित है। तदानुसार 22 जनवरी को पूरे प्रदेश में शराब बिक्री पर प्रतिबंध तथा शुष्क दिवस घोषित किया गया है।**

## राजस्व प्रकरणों के निराकरण और अभिलेखों में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने राजस्व महा अभियान 29 फरवरी तक

मंडला यशोः- राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण और राजस्व अभिलेख में इन्द्राज त्रुटियों को ठीक करने के उद्देश्य से 15 जनवरी से 29 फरवरी 2024 तक राजस्व महाअभियान संचालित किया जायेगा। इस महाअभियान का उद्देश्य राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, नये राजस्व प्रकरणों को आरसीएमएस पर दर्ज कराना, ने शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन एवं समग्र का आधार से ई-केवाईसी और खसरे की समग्र आधार से लिंकिंग सहित आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण करना है।

इस संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार महाअभियान में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों में राजस्व रिकॉर्ड का वाचन, समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग, आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराना, आरसीएमएस पर लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण, उत्तराधिकार नामांकन, सीमांकन, ने शे में तरमीम किया जाना शामिल है। राजस्व महाअभियान में राजस्व रिकॉर्ड के वाचन के लिये पटवारी पूर्व निर्धारित समय-सारणी के अनुसार गाँव में खसरा, बी-1 का वाचन करेंगे। समग्र ई-केवाईसी और समग्र से खसरे की लिंकिंग के लिये समग्र वेब पोर्टल एमपी ऑनलाइन, सीएसई के कियोस्क के माध्यम से समग्र में आधार की ई-केवाईसी कराने की सुविधा नागरिकों को निःशुल्क उपलब्ध रहेगी। आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराने के लिये नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये लोकसेवा केन्द्र के अतिरिक्त अब एमपी ऑनलाइन और सीएसई के कियोस्क के माध्यम से भी आरसीएमएस पर प्रकरण दर्ज कराये जा सकेंगे। राजस्व अधिकारियों द्वारा 31 दिस बर, 2023 की स्थिति में समय-सीमा पार कर चुके लंबित प्रकरणों को चिन्हांकित किया जायेगा और न्यायालय में नियमित सुनवाई आयोजित कर नामांतरण, बँटवारा, अभिलेख दुरुस्ती के प्रकरणों का निराकरण किया जायेगा। उत्तराधिकार नामांतरण में स्पष्ट किया गया है कि रिकॉर्ड में दर्ज ऐसे भू-स्वामी, जिनकी मृत्यु काफी समय पहले हो चुकी है, परंतु उनके उत्तराधिकारियों के पक्ष में नामांतरण का प्रकरण दर्ज नहीं हुआ है, महाअभियान में उत्तराधिकार नामांतरण के प्रकरणों को दर्ज कर निराकरण किया जायेगा। चिन्हित प्रकरणों की सीमांकन करने की कार्यवाही महाअभियान में की जायेगी। महा अभियान के दौरान की जाने वाली गतिविधियों की जिला स्तर पर प्रतिदिन समीक्षा की जाएगी।

## नपा क्षेत्र बालाघाट में आयुष्मान जागरूकता पखवाड़ा का समापन

बालाघाट - नपा क्षेत्र बालाघाट में किये गये ''आयुष्मान जागरूकता पखवाड़ा'' का आयोजन दिनांक 1 जनवरी से 15 जनवरी 2024 तक आयोजित किया गया। भारत सरकार की विश्व की सबसे बड़ी निःशुल्क स्वास्थ्य योजना के पात्र हितग्राहियों के शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 1-15 जनवरी तक आयोजन किया जाता है।



जिसमें नगरपालिका परिषद बालाघाट, नगर के प्रमुख वार्डों में एवं मोतीनगर स्थित सर्च इन्फोटेक पर प्रतिदिन आयुष्मान कार्ड बनाये गये जिसमें 428 पात्र हितग्राहियों के नये आयुष्मान कार्ड शिविर में, 18 चलने-फिरने में असमर्थ हितग्राहियों कार्ड उनके घर से एवं 1523 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड अपडेट किये गये। पखवाडे में बनाये गये आयुष्मान कार्ड का वितरण 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर नगरपालिका बालाघाट में आयोजित समारोह किया जावेगा। आयुष्मान जागरूकता पखवाडा के हेल्पलाईन, अस्पतालों की जानकारी के साथसाथ शासन की लोक कल्याणकारी योजना जैसे संबल कार्ड, ईश्रम कार्ड, निःशुल्क कानूनी सलाह टेलीलॉ, समग्र केवायसी, पेनकार्ड, पेंशन योजना आदि के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगरपालिका परिषद बालाघाट की अध्यक्ष सुश्री भारती सुरजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष श्री योगेश बिसेन, तत्कालीन प्रभारी सीएमओ सुश्री दिशा डहेरिया के विशेष मार्गदर्शन में सर्च इन्फोटेक के संचालक राकेशवर्मा 'ताम्रकार', दीपक दमाहे, नूतन ताम्रकार, निर्मल कसार, सोनू कसार, जर्नादन, ओमप्रकाश मूलचंदानी, अभय जैन, कुंअर लाल साकुरे आदि द्वारा सहयोग दिया गया।

## विशेषज्ञ समिति द्वारा बसनिया का टी. ओ. आर मंजूर प्रभावितों ने कहा परियोजना आदिवासी हित में नहीं

मंडला यशोः- पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा गठित विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति की 49 वीं बैठक दिनांक 24 जुलाई 2023 को प्रस्तावित बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना के लिए पर्यावरणीय प्रभाव आकलन रिपोर्ट तैयार करने हेतु संदर्भ बिन्दु (टी.ओ.आर) देने का निर्णय लिया है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय दिल्ली द्वारा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को लिखे गए पत्र दिनांक 21 नव बर 2023 में उल्लेख किया है कि पर्यावरणीय प्रभाव आकलन 2006 के प्रावधान और संशोधन के साथ नि न अतिरिक्त एवं विशिष्ट संदर्भ बिन्दु भी शामिल है।जिसमें परियोजना निर्माण के कारण नर्मदा नदी, नाला के जलग्रहण क्षेत्र में उसके वहन क्षमता और निरंतरता का संचयी प्रभाव(क यूलेटिव ई पेकट) का अध्ययन।वन भूमि को कम करना जिससे पर्यावरणीय निरंतरता सुनिश्चित हो।नर्मदा कंट्रोल ऑथोरिटी को परियोजना प्रस्ताव के साथ पर्यावरणीय प्रभाव निर्धारण व पर्यावरणीय प्रबंधन नियोजन रिपोर्ट भेजकर उनसे टिप्पणी लेना।वन भूमि का परिवर्तन, जैव विविधता हानि के कारण जंगल के पारिस्थितिकी तंत्र पर पडने वाले असर का पर्यावरणीय दृष्टि से लाभ हानि का विश्लेषण करना। पर्यावरण प्रभाव निर्धारण रिपोर्ट में मिट्टी की विशेषताओं का अध्ययन कम से कम 10 अलग- अलग स्थानों का करना, जो जलाशय और जंगल के आसपास वाले गांव हैं।तीनों ऋतु में परियोजना क्षेत्र के 10 जगहों का भूजल स्तर का नाप करना। परियोजना के कारण जलीय और स्थलीय पारिस्थितिकी तंत्र पर पडने वाला असर का अध्ययन।वन्य जीव संरक्षण का विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर मु य वन्य प्राणी वार्डेन को जमा करना।डूब में आने वाले वनस्पति एवं जीवजंतु और पेडो की सं या,घनत्व एवं उसका नामावली के साथ विस्तृत रिपोर्ट तैयार करना।नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने पर्यावरण प्रभाव आकलन रिपोर्ट तैयार करने के लिए क सल्टे न्ट आर एस इंवाईरोलिंक टे नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड दिल्ली को जि मेदारी दिया है।

नदी घाटी विशेषज्ञ मुल्यांकन समिति ने 25 जनवरी 2023 की आयोजित बैठक में परियोजनाकर्ता के प्रस्ताव पर टिप्पणी किया था कि परियोजना में 2107 हे टेयर वन भूमि क्षेत्र शामिल है।कम से कम जंगल शामिल हो इसका कोई अ यास नहीं किया गया है और ना ही इस परियोजना का वैकल्पिक स्थल विश्लेषण इस आवेदन के साथ प्रस्तुत किया गया है।समिति ने यह भी कहा था कि इस विकास परियोजना में जंगल का बडे क्षेत्र की आवश्यकता होगी और साथ ही परियोजना क्षेत्र में आदिवासी जनसं या निवास करता है। बसनिया (ओढारी) बांध विरोधी संघर्ष समिति ने सवाल उठाया है कि इस बांध में 6343 हे टेयर क्षेत्र डूबा कर मात्र 8780 हे टेयर मात्र की सिंचाई होगी।यह भी सर्वविदित है कि सिंचाई का जितना लक्ष्य रखा जाता है, उसमें मात्र औसत 60-65 प्रतिशत ही सिंचाई लक्ष्य पूरा होता है।दूसरी ओर 40 प्रतिशत प्लांट लोड फै टर के कारण 100 मेगावाट से मात्र 350 मिलयन यूनिट वार्षिक विधुत उत्पादन किया जा सकेगा।इतने कम सिंचाई और विधुत उत्पादन के लिए प्राकृतिक संपदा का विनाश करना आदिवासी समुदाय के हित में नहीं है।संगठन ने निर्णय लिया है कि सभी प्रभावित गांव और सामाजिक संस्था की ओर से परियोजना के विरोध में पर्यावरण मंत्रालय को पत्र भेजा जाएगा।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बीझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297